फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री गोपाल दवे निवासी 168/3, शीतल नगर, बाणगंगा इन्दौर मध्यप्रदेश — अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द — प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा—अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 42/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 24.07.2023

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया ।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्रांक एफ.1( )सू0अ0,05/प्र.अपील/2023/536—537 दिनांक 18.07.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द के कार्यालय के न्याय अनुभाग से संबंधित होने से कार्यालय द्वारा प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग को पत्रांक 367—68 दिनांक 25.05. 2023 को पत्र प्रेषित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द कार्यालय के न्याय अनुभाग के पत्रांक 5257 दिनांक 13.07.2023 से उपलब्ध अभिलेख अनुसार इस कार्यालय को सूचना उपलब्ध कराई गई। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द के पत्रांक 532 दिनांक 14.07. 2023 से सूचना का अधिकारी अधिनियम,2005 की धारा 7(6) के तहत नियमानुसार वांछित सूचना बिना किसी प्रभार के अधिप्रमाणित सूचना (उक्त सूचना के पृष्ठ 7 है।) जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रार्थी भिजवा दी गयी है।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद